Website : www.prsuniv.ac.in E-mail ID- registrar@prsuniv.ac.in

प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उ0प्र0
Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University, Prayagraj, U.P.

Azadi Ka Amrit Mahotsav

पत्रांकः प्रोरासिविवि / कुसका / 2024–242 दिनांकः 01 अप्रैल 2024

कार्यालय–आदेश

उच्च शिक्षा अनुभाग–2, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या–646 / सत्तर–2–2024–16(11) / 2017 टी0सी0 दिनांक 01.04.2024 के द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षिक सत्र 2024–25 के लिए नये महाविद्यालयों / संस्थानों को खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों / संस्थानों में अतिरिक्त विषयों / पाठ्यक्रमों (बी0एड्0 पाठ्यक्रम को छोड़कर) को प्रारम्भ करने हेतु अनापत्ति एवं सम्बद्धता प्रस्तावों के ऑनलाइन निस्तारण हेतु उच्च शिक्षा अनुभाग–2, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या–407 / सत्तर–2–2024–16(11) / 2017 टी0सी0 दिनांक 23.02.2024 में संशोधन करते हुए निम्नानुसार समय–सारिणी निर्धारित की गयी हैः–

क्र0 सं0	कार्यवाही	समय–सीमा
1	विश्वविद्यालय में नये पाठ्यक्रमों हेतु अनापत्ति प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करने की अन्तिम तिथि	———
2.	विश्वविद्यालय में ऑनलाइन जमा किए गये प्रस्तावों के भूमि सम्बन्धी अभिलेखों का राजस्व विभाग से सत्यापन कराया जाना।	**दिनांक 07 अप्रैल, 2024 तक।**
3.	अनापत्ति आदेश ऑनलाइन निर्गत किया जाना	**दिनांक 15 अप्रैल, 2024 तक।**
4.	ऑनलाइन अनापत्ति के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा लिए गए निर्णय के विरूद्ध शासन में अपील करने की अन्तिम तिथि	**दिनांक 20 अप्रैल, 2024 तक।**
5.	शासन में अपील निस्तारित करने की अन्तिम तिथि	**दिनांक 30 अप्रैल, 2024 तक।**
6	निरीक्षण मण्डल का गठन	**दिनांक 15 मई, 2024 तक।** (1) अनापत्ति आदेश ऑनलाइन निर्गत होने के पश्चात् संस्था द्वारा दिनांक 10 मई, 2024 तक निरीक्षण मण्डल के गठन के सम्बन्ध में आवेदन किया जायेगा। (2) तदोपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा 15 मई, 2024 तक निरीक्षण मण्डल का गठन कर लिया जायेगा।
7.	निरीक्षण मण्डल द्वारा निरीक्षण आख्या का प्रस्तुत किया जाना।	**दिनांक 05 जून, 2024 तक।**
8.	विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता ऑनलाइन प्रदान करने की अन्तिम तिथि	**दिनांक 20 जून, 2024 तक।**
9.	विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता के सम्बन्ध में लिए गए निर्णय के विरूद्ध शासन में अपील करने की अन्तिम तिथि	**दिनांक 30 जून, 2024 तक।**
10.	शासन स्तर पर अपील निस्तारित करने की अन्तिम तिथि	**दिनांक 15 जुलाई, 2024 तक।**

नोट : समस्त नवीन / पूर्व संचालित महाविद्यालयों को यह निर्देशित किया जाता है कि नवीन पाठ्यक्रमों / विषयों के संचालनार्थ सम्बद्धता हेतु शासन के अनापत्ति / सम्बद्धता के पोर्टल

http://henoc.upsdc.gov.in पर उपरोक्त समय–सारिणी के अनुसार आवेदन करते हुए विश्वविद्यालय की ई–मेल आई0डी0 registraraffiliation@prsuniv.ac.in पर सूचित करने का कष्ट करें।

ऐसे समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय जिन्हें वांछित पाठ्यक्रमों हेतु विश्वविद्यालय से अनापत्ति प्राप्त हो चुकी है तथा वर्ष 2024–25 में सम्बद्धता प्राप्त की जानी है तथा ऐसे पूर्व संचालित महाविद्यालय जिन्हें सत्र 2023–24 तक सम्बद्धता प्राप्त थी अथवा सत्र 2023–24 में सम्बद्धता विस्तरण प्राप्त था, वह सभी महाविद्यालय उपरोक्त समय–सारिणी के अनुसार सम्बद्धता हेतु ऑनलाइन आवेदन **दिनांक 10 मई, 2024 तक अनिवार्य रूप से करें।**

महाविद्यालयों से यह भी अपेक्षित है कि सम्बद्धता हेतु किए गए ऑनलाइन आवेदन **http://henoc.upsdc.gov.in** के उपरान्त इसकी सूचना विश्वविद्यालय की ई–मेल **registraraffiliation@prsuniv.ac.in** पर प्रेषित किए जाने तथा महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध करायी जाने वाली आवेदन की हार्डकापी में निरीक्षण कराए जाने हेतु दो तिथियों का भी अनिवार्यतः उल्लेख करें जिससे कि निरीक्षण मण्डल के गठन के समय ही निरीक्षण मण्डल के सदस्य–सचिव/सदस्यों से उक्त तिथियों में निरीक्षण किए जाने हेतु अनुरोध किया जा सके।

सत्र 2024–25 में बिना सम्बद्धता के पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी तथा ससमय सम्बद्धता प्राप्त न होने एवं प्रवेश प्रतिबन्धित होने की दशा में समस्त उत्तरदायित्व महाविद्यालय का होगा।

(संजय कुमार)
कुलसचिव

पृष्ठांकन संख्या व दिनांक : उपरोक्त।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. माननीय कुलपति जी।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, प्रयागराज।
3. प्रभारी एजेन्सी को इस निर्देश से प्रेषित कि उक्त कार्यालय ज्ञाप को विश्वविद्यालय से सम्बद्धता समस्त महाविद्यालयों की कालेज लॉग–इन एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर आज ही तत्काल अपलोड करना सुनिश्चित करें।
4. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव